Roll No. ....

91202

B. A. (Pass Course) 1st Semester Examination – December, 2022

HINDI (Comp.)

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 80*

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

नोट : निर्देशानुसार ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गये हैं।

1. किन्हीं ***दो*** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2 × 6 = 12

(क) "पीछै लागा जाइ था, लोक वेद के साथि,
आगै थें सतगुरु मिल्या, दीपक दीया हाथि,
दीपक दीया तेल भरि बाती दई अघट्ट,
पूरा किया विसाहूणाँ, बहुरि न आवौं हट्ट"

(ख) मेरो मन अनत कहाँ सुख पावै।
जैसे उड़ि जहाज का पंछी, फिरि जहाज पर आवै।
कमल-नैन कों छाँड़ि महातम, और देव को ध्यावै।
परम गंगा कौं छाँड़ि पियासौ, दुरमति कूप खनावै।

जिहिं मधुकर अंबुज-रस चाख्यौ क्यों करील-फल भावै।
सूरदास-प्रभु कामधेनु तजि, छेरी कौन दुहावै।।

(ग) चंद चकोर की चाहे करै, घनआनन्द स्वाति पपीहा कौं धावै।
त्यों त्रसरैनि के ऐन बसैं रवि, मीन पै दीन ह्वै सागर आवै।
मों सो तुम्हें सुनो जान कृपानिधि ! नेह निवाहिवो यों छवि पावै।
ज्यों अपनी रुचि राचि कुवेर सु रंकहि ले निज अंक वसावै।

(घ) कहत, नटत, रीझत, खीझत, मिलत, खिलत लजियात।
भरे भौन मैं करत हैं, नैंननु हीं सौ बात।

2. कबीरदास ***अथवा*** रसखान में से किसी ***एक*** का साहित्यिक परिचय दीजिए। 8

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए : 4 × 4 = 16

(क) मीरा की भक्ति-भावना की विवेचना कीजिए।

(ख) कवीर की सामाजिक चेतना पर संक्षेप में प्रकाश डालें।

(ग) सूरदास के वात्सल्य चित्रण पर प्रकाश डालिए।

(घ) बिहारी को शृंगारी कवि क्यों कहा जाता है ?

(ङ) घनानन्द की प्रेम भावना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(च) तुलसी की भाषा-शैली का परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 8 = 16

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन तथा नामकरण पर समुचित प्रकाश डालिए।

StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ख) आदिकालीन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

(ग) आदिकाल की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(घ) रासो काव्य परम्परा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'आदिकालीन साहित्य में राष्ट्रीयता का अभाव है' स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'चन्दवरदाई' का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) 'मिश्र बन्धु विनोद' पर संक्षिप्त टिप्पणी दीजिए।

(घ) पृथ्वीराज की अप्रमाणिकता पर प्रकाश डालिए।

6. किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) काव्य गुण किसे कहते हैं ? इसके भेदों का वर्णन करें।

(ख) श्लेष अलंकार की परिभाषा व उदाहरण लिखिए।

(ग) दोहा छंद की परिभाषा व उदाहरण दीजिए।

(घ) लक्षणा शब्द शक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

7. निम्नलिखित *सभी* वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $8 \times 1 = 8$

(क) कबीरदास के गुरु का क्या नाम था ?

(ख) 'साहित्य लहरी' किसकी रचना है ?

(ग) विहारी की प्रमुख रचना का क्या नाम है ?

(घ) 'रामचरितमानस' किसकी रचना है ?

(ङ) आदिकाल को 'वीरगाथाकाल' किसने कहा ?

(च) संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गई है ?

(छ) वीर रस का स्थायी भाव क्या है ?

(ज) छन्द कितने प्रकार के होते हैं ?

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com